राज्यपाल सचिवालय
लोकभवन, राजस्थान

# राज्यपाल ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की बैठक

## नशामुक्त भारत के लिए चले विशेष अभियान

## गांव गोद लेकर उन्हें नशामुक्त किए जाने की हो विशेष पहल—राज्यपाल

जयपुर, 29 जुलाई। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राजस्थान में व्यापक अभियान चलाने और विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिए गांवों को नशा मुक्त किए जाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नशे की अधिकता वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष रूप से कार्यवाही किए जाने पर जोर दिया है। इस संबंध में बुधवार को उन्होंने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं से लोकभवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया। उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कुलदीप रांका भी इस दौरान उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं से संवाद करते हुए राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालयों के आस—पास मादक पदार्थ बेचने वाले लोगों की पहचान की जाए। मादक पदार्थों की बिक्री और युवाओं को नशे की लत लगाने में लिप्त लोगों की पहचान के साथ ही ऐसे लोगों को पकड़वाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा गांव गोद लेकर उनके विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों में 'नशामुक्त गांव' की सोच भी सम्मिलित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गांवो में जाकर वहां के प्रतिष्ठित लोगों से संवाद कर नशा करने वाले और नशीले पदार्थों को उपलब्ध कराने वालों पर नजर रखते हुए पुलिस विभाग के सहयोग से इस संबंध में प्रभावी कार्यवाही की जाए।

राज्यपाल ने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नशा मुक्त भारत के लिए देशवासियों को संबोधित किए जाने की चर्चा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों द्वारा 'माई भारत पोर्टल' पर पहुंचकर अधिक से अधिक पंजीकरण को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि 'नशामुक्त भारत अभियान' को 'माय भारत पोर्टल' से क्रियान्वित किए जाने का सौ सप्ताह का कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें जन जागरूकता के लिए रैलियां, कार्यशालाएं, प्रचार अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने विश्वविद्यालय स्तर पर नशा मुक्त भारत के लिए प्रभावी गतिविधियों का क्रियान्वयन किए जाने के लिए निर्देश दिए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री कुलदीप रांका ने श्नशामुक्त भारतश के अंतर्गत विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षण संस्थानों के स्तर पर की जाने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया।

———————


लोक भवन
राजस्थान


Start video
Share
AI Assistant
Raise


लोक भवन
राजस्थान